न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकडी जिला अजमेर

राजस्व वाद 157/2019

1. गोपी लाल पुत्र देवी जाति गुर्जर निवासी ग्राम ऊँकारपुरा तहसील सावर जिला अजमेर।

---प्रार्थी

♠ बनाम ♠

1. गौरी पत्नी भैरू जाति गुर्जर
2. रंगलाल पुत्र भैरू जाति गुर्जर
3. रामनिवास पुत्र भैरू जाति गुर्जर
4. श्योजी पुत्र भैरू जाति गुर्जर
5. सेराज पुत्र भैरू जाति गुर्जर
6. हरिनिवास पुत्र भैरू जाति गुर्जर
7. हसराज पुत्र भैरू जाति गुर्जर
8. हीरा पत्नी भैरू जाति गुर्जर
9. रामचन्द पुत्र मांगीलाल जाति कालवेलिया
   समस्त निवासीगण ऊँकारपुरा तहसील सावर जिला अजमेर राज.
10. राजस्थान सरकार जरिये श्रीमान तहसीलदार साहब सावर तहसील सावर जिल अजमेर।

--- अप्रार्थीगण

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 128 राज. लैण्ड रेवेन्यु एक्ट

पीठासीन अधिकारी : श्री विकास पंचोली (आर.ए.एस)

उपस्थितः–

प्रार्थी वकील :– श्री मगन लाल लोधा

पेराकार सरकार :– जरिये तहसीलदार सावर

आदेश

दिनांक 12.3.2022

प्रार्थी द्वारा प्रकरण संक्षेप में राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज. लैण्ड रेवेन्यु एक्ट के तहत प्रस्तुत किया है। उक्त प्रार्थना पत्र मे वर्णित आराजीयात वाके ग्राम ऊँकारपुरा तहसील सावर जिला अजमेर में स्थित है। आराजी की जमाबन्दी संवत 2074–2077 में दर्ज अंकन निम्नानुसार दर्ज रिकॉर्ड है:–

खाता संख्या (नया–पुराना)	खसरा नम्बर	रकबा (है.)	किस्म
42–46	118	0.32	बा. 3
	120	0.13	चा. 2 जा. 2
	125	0.23	चा. दोयम
	126	0.08	बीड
	127	0.24	चाही दोयम
	482	0.03	बारानी 1
	483	0.10	बारानी 1
	484	0.04	बारानी 1
	487	0.45	पेटा तालाब 1
	490	0.21	चाही दोयम
	493	0.40	चा. 2 जा. 2
	494	0.04	बारानी 3
	496	0.09	बारानी 3
	498	0.30	बारानी 3
	499	[illegible]	चाही दोयम
	500	[illegible]	[illegible]
	501	[illegible]	[illegible] दोयम
	502	[illegible]	चाही दोयम
	503	[illegible]	चाही दोयम
	505	0.28	चाही 2
	505/955	0.21	बारानी दोयम

सदस्य
उपखण्ड अधिकारी
लोक अदालत बैंच
(तालुका विधिक सेवा समिति)
केकड़ी (अजमेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2022.04.05 13:57:07 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

	506	0.11	बारानी दोयम
	507	0.02	बारानी दोयम
	508	0.21	बारानी दोयम
कुल योग	24	4.43 है	

उक्त आराजीयात प्रार्थी को खातेदारी एवं कब्जे काश्त की आराजीयात है। राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी स. 2074-77 मे उक्त आराजीयात प्रार्थी के नाम बतौर खातेदार काश्तकार अंकन हो रखा है। उक्त आराजीयात मौके पर ही स्थान पर स्थित है। मौके पर प्रार्थी उक्त आराजीयात पर भौतिक रूप मे काबिज चला आ रहा है। उक्त आराजीयात से प्रतिवादीगण का कोई वास्ता सरोकार नहीं है लेकिन अप्रार्थीगण उक्त आराजीयात के पडोसी है और अप्रार्थीगण ने प्रार्थी की आराजीयात के मध्य स्थाई सीमा चिन्ह नहीं होने से प्रार्थी व अप्रार्थीगण के मध्य आराजीयात को काश्त करने को लेकर आये दिन लडाई झगडा होता रहता है अप्रार्थी संख्या 10 को अपनी आराजीयात का सीमाज्ञान कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। अतः उक्त आराजीयात के रकबा 4.43है की स्थाई पत्थरगढी किया जाना न्यायोचित व न्यायहित मे अति आवश्यक हो गया जिससे प्रार्थी को उक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना लाजमी आया है।

प्रकरण श्रवणाधिकार व क्षेत्राधिकार का होने से दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण को जरिये रजिस्टर्ड नोटिस से तलब किया किया । अप्रार्थी स. 10 की ओर से पैरोकार सरकार उपस्थित हुये, उन्हे सुना गया। अप्रार्थीगण स. 1-9 की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुये। पैरोकार सरकार द्वारा आदेशिका पर अंकित किया है कि संलग्न जमाबन्दी प्रतिलिपी अनुसार प्रार्थना पत्र मे दर्ज आराजी खातेदारी भूमि है। प्रकरण में कोई पत्थरगढी आदेश किये जाने में कोई राजहित प्रभावित नहीं होता है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया । पक्षकारान की बहस पर मनन किया। प्रार्थी प्रार्थना पत्र में वर्णित आराजी का खातेदार काश्तकार है। खातेदार काश्तकार को स्वयं की खातेदारी की पत्थरगढी करवाने के हक अधिकार है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बावत पत्थरगढी अन्तर्गत धारा 128 भू.रा.अधि. के तहत स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार सावर वाके ग्राम ऊँकारपुरा तहसील सावर की जमाबन्दी संवत 2074-2077 के खाता संख्या नया पुराना 42-46 कुल किता 24 कुल रकबा 4.43 है. की पत्थरगढी प्रार्थी द्वारा नियमानुसार पत्थरगढी शुल्क जमा कराने पर कार्मिकों की टीम गठित करके की जावें। खर्चा फरिकेन अपना अपना वहन करें।

आदेश आज दिनाक 12.3.2022 राष्ट्रीय लोक अदालत मे सरे इजलास सुनाया गया।

सदस्य
उपखण्ड अधिकारी
लोक अदालत बैंच
(तालुका विधिक सेवा समिति)
केकड़ी (अजमेर)

न्यायिक अधिकारी
लोक अदालत बैंच
तालुका विधिक सेवा समिति
केकड़ी जिला-अजमेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2022.04.05 13:57:07 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner